Regarding construction of underpass, slip roads and foot overbridge on national highways in Meerut Parliamentary Constituency

श्री राजेन्द्र अग्रवाल (मेरठ): मेरे संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत मेरठ मे परतापुर से पल्लवपुरम तक का मेरठ बाईपास राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 58 का भाग है तथा इस पर बहुत बड़ी संख्या मे तीव्र गति के वाहन आते जाते हैं । किसी भी व्यक्ति के लिए इन वाहनों के बीच से सड़क पार करना अत्यधिक कठिन कार्य है तथा सड़क पार करने के प्रयास मे विभिन्न स्थानों पर सड़क दुर्घटनाएं भी होती रहती हैं । सड़कों को सुरक्षित रूप से पार करने के लिए चार स्थानों डुंगरावली, घाट, खड़ोली और दायमपुर पर अन्डरपास तथा स्लिप रोड़ स्वीकृत हो चुकी हैं परंतु अभी तक इन पर कार्य प्रारंभ नहीं हुआ है । इसी प्रकार मेरठ-हापुड़-बुलंदशहर राष्ट्रीय राजमार्ग सं. 334 पर धनौटा एवं लालपुर के निकट स्लिप रोड़ स्वीकृत हुई है तथा नवादा मे प्राथमिक विधालय मार्ग के दूसरी ओर होने के कारण बच्चों के सुरक्षित आवागमन के लिए फुट ओवर ब्रिज बनाया जाना बहुत आवश्यक है । मेरा सरकार से अनुरोध है कि इन स्थानों पर दुर्घटनाओं से बचाव हेतु अन्डरपास, स्लिप रोड़ तथा फुट ओवर ब्रिज बनाए जाने के आदेश देने की कृपा करें ।